2. दरकिनार और बेसहारा बच्चों की उपचार सुविधाओं तक पहुंच हेतु निकारणात्मक स्वास्थ्य सेवाएं एकत्र करना;

3. पोषण सहायता प्रदान करना;

4. औपचारिक शिक्षा पद्धिति की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जीवन शिक्षा साक्षरता गणना की सुविधाएं प्रदान करना;

5. व्यावसायिक प्रशिक्षण;

6. आवास स्थल व स्वास्थ्य पूर्ण जीवन आदि की सुविधा का प्रयोग करना। वर्ष 1993-94 के दौरान, इस योजना के अंतर्गत देश में 35 केन्द्र खोले गए हैं।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों पर उदारीकृत योजनाओं का प्रभाव

1803. श्री राम सिंह राठवा : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उदारीकृत योजनाओं से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या सरकार इस संबंध में कोई उपचारी कदम उठायेगी ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीता राम केसरी) : (क) से (घ) इसकी जांच की जा रही है।

आरक्षण नीति का कार्यान्वयन

1804. श्री राम सिंह राठवा : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उन उद्योगों और व्यापारिक संगठनों में भी आरक्षण नीति का कार्यान्वयन लागू करने पर विचार कर रही है जिन्हें सरकारी वित्तीय संस्थाओं, केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों से भूमि के आवंटन के रूप में अथवा किसी अन्य प्रोत्साहन के रूप में सहायता मिल रही है ?

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) ऐसे उद्योगों तथा व्यावसायिक संगठनों जो सरकारी वित्तीय संस्थानों, केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारों से भूमि आवंटन के रूप में या प्रोत्साहन से किसी अन्य रूप में सहायता पा रहे हैं, में आरक्षण का संविधान में कोई प्रावधान नहीं है।

Establishment of National Minorities Development Corporation

1805. MAULANAOBAIDULLAHKHAN AZMI : Will the Minister of WELFARE be pleased to refer to the answer to Starred Question 164 given in Rajya Sabha on 5th March, 1993 and state :

(a) whether the Prime Minister has announced the Establishment of National Minorities Development Corporation with a capital of Rs. 500 crores recently ;

(b) if so, whether the said corporation has started functioning; and

(c) what is the structure and working' plan of the Corporation ?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI SIT ARAM KESRI): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) : The matter is under consideration,